हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 13 अंक : 53 देहरादून, मंगलवार, 13 अगस्त, 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 8



महिलाएं समूहों के माध्यम से बेहतर उत्पाद बना रही है : धामी 3

# सभी विभागों को सीएम डैशबोर्ड से जोड़ा जाए : मुख्यमंत्री धामी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 13 अगस्त , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सी.एम डैशबोर्ड 'दर्पण 2.0' की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी विभागों को सीएम डैशबोर्ड से जोड़ा जाए और सभी विभागों की गतिमान परियोजनाओं का डाटा भी अपलोड करवाया जाए। उन्होंने 15 दिन में सभी विभागों को परियोजनाओं का अपडेट पोर्टल में करने के निर्देश दिये। प्रत्येक माह की 07 तारीख तक विभागों को पिछले माह का डाटा अपलोड करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सी.एम हेल्पलाईन 1905 के साथ ही वे सीएम डैशबोर्ड की भी हर माह समीक्षा करेंगें।





मुख्यमंत्री ने सचिवों को निर्देश दिये कि सभी सचिव अपने विभाग की प्रत्येक माह सीएम डैशबार्ड संबंधी बैठक करे। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि जो भी पोर्टल बनाये जा रहे हैं, वे यूजर फ्रैंडली हों। डैशबोर्ड में डाटा का प्रस्तुतीकरण बेहतर तरीके से किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएम डैशबोर्ड का मुख्य उद्देश्य जन समस्याओं का समाधान करना है। इस डैशबोर्ड के माध्यम से जन समस्याओं के समाधान के लिए विभागों द्वारा समस्याओं को चिन्हित कर उनका समाधान निकाला जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि गरीबों के कल्याण, युवाओं के कल्याण, अन्नदाताओं और नारी सशक्तीकरण की दिशा में तेजी से कार्य किये जाएं। संबंधित विभागों द्वारा इन क्षेत्रों में किये जा रहे कार्यों का परिणाम धरातल पर दिखे।


मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार की फ्लैगशिप स्कीम को डैशबोर्ड में अनिवार्य रूप से दर्शाया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि पीएम गतिशक्ति उत्तराखण्ड पोर्टल में 05 करोड़ से अधिक धनराशि की सभी परियोजनाओं को दर्शाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सी.एम डैशबोर्ड के साथ ही डी.एम डैशबोर्ड को भी धरातल पर लाया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास किये जाए। रोजगार और स्वरोजगार से जुड़े विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्यशाला का आयोजन करें, जिसमें विषय विशेषज्ञों को भी शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा के साथ हमें विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा और कौशल विकास से जोड़ना होगा। उच्च शिक्षण संस्थानों, मेडिकल कॉलेजों और तकनीकि शिक्षा में प्लेसमेंट सेल के साथ ही विद्यार्थियों के लिए गाइडेंस और काउंसलिंग की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। इस तरह की कारगर व्यवस्था बनाई जाए कि उच्च शिक्षा के दौरान कितने अभ्यर्थियों ने प्लेसमेंट के लिए आवेदन किया और कितनों को नौकरी मिली। युवाओं के स्किल डेवलपमेंट पर विशेष ध्यान दिया जाए।

बैठक में उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण समिति विश्वास डाबर, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव आर. के सुधांशु, एल. फैनई, विशेष प्रमुख सचिव अमित सिन्हा, प्रमुख वनसंरक्षक डॉ. धनंजय मोहन, सचिव आर.मीनाक्षी सुदंरम, शैलेश बगोली, नितेश झा, राधिका झा, दिलीप जावलकर, डॉ. बी.वी.आर.सी पुरूषोत्तम एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# नरेन्द्र सिंह नेगी हैं हिमालय जैसे अडिग व्यक्तित्व : धामी





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 13 अगस्त , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रसिद्धि लोकगायक नरेन्द्र सिंह नेगी के जन्मदिन पर गीत यात्रा के 50 वर्ष कार्यक्रम में उनकी रचनाओं पर ललित मोहन रयाल द्वारा लिखित पुस्तक कल फिर जब सुबह होगी का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने नरेन्द्र सिंह नेगी को उत्तराखण्ड लोक सम्मान से सम्मानित कर 2.51 लाख का चेक भेंट किया तथा प्रशस्ति पत्र भेंट कर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने पुस्तक के लेखक ललित मोहन रयाल के प्रयासों की सराहना करते हुए पुस्तक को भावी पीढी के लिये संरक्षित करने वाला कार्य बताया।

मुख्यमंत्री नें प्रसिद्ध लोक गायक श्री नरेन्द्र सिंह नेगी को उनके जन्म दिन की हार्दिक बधाई देते हुए उन्हें हिमालय जैसे अडिग व्यक्तित्व वाला देवभूमि का महान सपूत बताते हुए कहा कि नेगी जी के गीत हमें अपने परिवेश के साथ पहाड की चुनौतियों से परिचित कराने का कार्य करते है। उनके गीतों में प्रकृति, परम्परा, परिवेश, विरह वियोग व व्यथा का जो मिश्रण है वह हमें अपनी समृद्ध परम्पराओं एवं लोक संस्कृति से जोडने का कार्य करती है। उनके गीत हमारी विरासत की समृद्ध परम्परा को पीढी दर पीढी आगे बढ़ाने का कार्य करेगी तथा युवाओं को प्रेरित करने का कार्य करती रहेगी। मुख्यमंत्री ने श्री नरेन्द्र सिंह नेगी को पहाड़ की आवाज बताते हुये उनके दीर्घायु जीवन की कामना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि समृद्ध लोक संस्कृति एवं सामाजिक सरोकारों को अपने गीतों एवं संगीत नरेन्द्र सिंह नेगी ने लोक संस्कृति के प्रति मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के लगाव के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने ललित मोहन रयाल के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी विद्वता से 101 गीतों की विवेचना 400 पृष्ठों के ग्रंथ के रूप में समाज के समक्ष रखा है। यह उनकी लोक साहित्य एवं संस्कृति के प्रति गहरी समझ का भी प्रतीक है वे शब्दों के शब्दार्थ को गीत के लेखक से आगे ले गए हैं। इस अवसर पर उन्होंने पहाड़ों से पलायन रोकने पर लिखा अपना प्रसिद्ध गीत ठंडो रे ठंडो गाकर लोगों को अपनी लोक संस्कृति से जुड़ने के लिए मजबूर किया ।इस अवसर पर मुख्य सचिव राधा रतूडी, कुलपति दून विश्वविद्यालय प्रो.सुरेखा डंगवाल, पूर्व पुलिस महानिदेशक अनिल कुमार रतूडी, साहित्यकार नंद किशोर हटवाल, दिनेश सेमवाल, सचिदानंद भारती, गणेश खुकसाल गणी के अलावा बडी संख्या में साहित्यकार एवं लोक संस्कृति से जुडे लोग उपस्थित थे ।के माध्यम से देश व दुनिया तक पहुंचाने का कार्य नेगी जी ने किया है। वे वास्तव में समाज के सफल नायक के रूप में रहे हैं। उनके गीत राज्य वासियों को अपनी परम्पराओं से जोड़ने में मददगार रहे हैं।

## यमुनोत्री हाईवे पर वाहन के ऊपर पत्थर गिरने से चालक मौत

उत्तरकाशी। सोमवार सुबह यमुनोत्री राजमार्ग पर ओरछा बैंड के समीप पहाड़ी से भारी भरकम पत्थर गिरने के कारण एक चौपहिया वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वाहन चालक गाड़ी के अंदर फंस गया। जिस कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अन्य दो लोग घायल हुए हैं। एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीम ने गाड़ी से चालक का शव बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। पुलिस ने बताया कि सोमवार को वाहन बड़कोट से उत्तरकाशी की ओर जा रहा था। इसी दौरान सुबह करीब साढ़े दस बजे यमुनोत्री हाईवे पर ओरछा बैंड के समीप चलती गाड़ी पर पहाड़ी से भारी भरकम पत्थर हाईवे में गिरने शुरू हो गए। इनकी चपेट में वाहन आ गया। जिससे वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

## महिला श्रद्धालु की गंगा में डूबने से मौत

ऋषिकेश । एसडीआरएफ निरीक्षक कविंद्र सजवाण के मुताबिक 48 वर्षीय चमेली देवी निवासी ग्राम कटिया, नवाबगंज, बरेली सोमवार को मुनिकीरेती पहुंची थीं। सुबह करीब आठ बजे जानकी सेतु के पास वह गंगा जल के आचमन के लिए घाट पर पहुंची। गंगाजल हाथ में लेने के दौरान अचानक पैर फिसलने से चमेली देवी का संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे गंगा में जा गिरी। बरसात में उफान पर चल रही गंगा के तेज प्रवाह में चमेली देवी बह गई। परिजनों ने स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस को सूचित किया।

# सास ने इस्तेमाल किया टूथपेस्ट तो दामाद ने ट्रिप पर ही छोड़ दिया परिवार

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 13 अगस्त : किसी भी इंसान के जीवन में उसका परिवार, दोस्त और रिलेटिव काफी ज्यादा खास होते हैं. रिश्ता चाहें जो भी हो, उसे निभाने के लिए कई जरूरी बातों का ख्याल रखना जरूरी होता है. हालांकि इसे निभाना इतना भी आसान नहीं होता. यहां एक इंसान को हर फेज से गुजरना होता है. कई बार इसकी वजह जायज भी होती है, कई बार इसकी वजह गैर-वाजिब भी होती है. इससे जुड़े कई किस्से आपने आजतक पढ़े और सुने होंगे लेकिन क्या हो जब रिश्ते में के बीच में टूथपेस्ट आ जाए सुनने में आपको ये थोड़ा अजीब जरूर लग रहा होगा लेकिन ये पूरी तरीके से सच है.

अपनी इस कहानी को एक शख्स ने रेडिट पर शेयर करते हुए मैं अपने परिवार के साथ क्वालिटी टाइम स्पेड करना चाहता था और मैंने उनके साथ वेनिस जाने का प्लान बनाया क्योंकि मेरी पत्नी इस जगह पर काफी पहले से जाना चाहती थी, लेकिन इसी बीच उसकी सास भी ट्रिप पर चलने के लिए राजी हो गईं. मैं यहां उनको लेकर बिल्कुल नहीं जाना चाहता था, लेकिन मेरी इस इच्छा को पत्नी ने मानने से मना कर दिया और वो मेरी सास को लेकर ट्रिप पर चल पड़ी.रेडिट पर आगे लिखते हुए शख्स ने लिखा कि मैं बहुत ही प्राइवेट टाइप का आदमी हूं और अपना सामान किसी के साथ शेयर करना पसंद नहीं करता, लेकिन यहां ट्रिप पर मेरी सास धीरे-धीरे मेरा हर सामान इस्तेमाल करने लगीं और वो भी प्राइवेट सामान जैसे साबुन, शैम्पू, मेरी बेडशीट, तकिया तक शामिल था. ट्रिप पर एक दिन मैंने देखा कि मेरी सास मेरा टूथपेस्ट इस्तेमाल कर रही है. जिसे देखने के बाद मुझे काफी ज्यादा गुस्सा आया और मैं अपने परिवार को ट्रिप ही छोड़कर वापस आ गया.



अपनी इस कहानी को आगे शेयर करते हुए शख्स ने कहा कि वापस जब मैंने उसे इस्तेमाल किया तो मुझे बीमार जैसा महसूस होने लगा और घर जाकर काफी ज्यादा उल्टी होने लगी. यही कारण है कि गुस्से में मैं वहां से वापस आ गया. ये कहानी जैसे ही इंटरनेट पर आई तो छा गई और लोगों ने इस पर कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया देने लगे. एक ने कहा कि रिश्तों में थोड़ा एडजस्टमेंट करना ही पड़ता है. वहीं दूसरे ने लिखा कि आपको इस तरीके से परिवार को छोड़कर नहीं आना चाहिए. इसके अलावा और भी कई लोगों ने इस पर कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दी है.

# 9 साल की ये बच्ची है शाओलिन कुंग फू स्टार, दांव-पेंच देख हिल जाएंगे

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 13 अगस्त : 9 साल की एक चाइनीज बच्ची ने इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब तहलका मचाया हुआ है. बच्ची का नाम झांग सिक्सुआन है, जो चीन के हेनान प्रांत की रहने वाली है. इस बच्ची ने विश्व शाओलिन खेलों के लिए दुनिया के कुछ प्रतिष्ठित कुंग फू मास्टरों को धूल चटाते हुए 'शाओलिन कुंग फू स्टार' का खिताब अपने नाम किया है. यकीन मानिए, वायरल बच्ची के दांव-पेंच को देखकर आप भी हिल जाएंगे।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में शाओलिन कुंग फू के लाखों प्रैक्टिशनर हैं और हर साल उनमें से हजारों लोग विश्व शाओलिन खेलों में भाग लेते हैं. इस साल 124 कुंग फू प्रैक्टिशनर्स के एक अंतरराष्ट्रीय दल को सेंट्रल चीन के हेनान प्रांत में एक शाओलिन मंदिर में सम्मानित कुंग फू मास्टर्स और दर्शकों के सामने आपने कौशल को दिखाने के लिए आमंत्रित किया गया था. उनमें से ही 9 साल की इस बच्ची ने अपने शरीर के अविश्वसनीय लचीलेपन से जजों और दर्शकों को चौंका दिया, जिसके बाद उसे शाओलिन कुंग फू स्टार खिताब से नवाजा गया।

रिपोर्ट के अनुसार, विश्व शाओलिन खेलों के लिए क्वालीफाई करने वाले 124 कुंग फू प्रैक्टिशनर्स में से केवल 10 ने शाओलिन कुंग फू स्टार का खिताब हासिल किया. उनमें झांग सिक्सुआन की उपलब्धि असाधारण से कम नहीं है। झांग के कोच झाओ झेनवु ने बताया कि वह पिछले 4 सालों से कुंग फू सीख रही है और लगातार अपने कौशल को बेहतर बनाने की कोशिश कर रही है. कोच ने बच्ची की तारीफ करते हुए कहा कि उसने कभी देर रात तक प्रशिक्षण लेने की शिकायत नहीं की. उन्होंने कहा कि झांग को मार्शल आर्ट बहुत पसंद है. वह अक्सर छुट्टियों के दौरान प्रशिक्षण के लिए स्कूल में रहती है।



# यात्री ने चेन खींचकर ट्रेन रोकी, GRP ने पूछा कारण, सुनकर सभी हुए हैरान

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 13 अगस्त : ट्रेनों को समय पर चलाने के लिए रेलवे लगातार प्रयासरत है. इसके साथ ही, ट्रेनों को बिना वजह रोकने वालों पर कार्रवाई भी जाती है. ऐसे ही एक मामले में ट्रेन मथुरा जंक्शन रुकी. यहां पर यात्री उतरे और चढ़े. जैसे ट्रेन यहां से चली, प्लेटफार्म ही पार कर पायी थी, ट्रेन पुलिंग हो गयी. इनमें से एक यात्री नीचे उतरा. आरपीएफ और जीआरपी ने यात्री को पकड़ा और वजह पूछा. वजह सुनकर सभी यात्री परेशान हो गए. चेन पुलिंग करने वाला यात्री बार बार माफी मांगता रहा, लेकिन जीआरपी और आरपीएफ ने एक न सुनी. उस पर कार्रवाई की गयी।

उत्तर मध्य रेलवे के आगरा मंडल के जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि बिना उचित कारण अलार्म चेन खींचने पर 372 लोंगो पर कार्रवाई की गयी और उनसे 15540 रुपये जुर्माना वसूला गया. इनमें आगरा छावनी रेलवे स्टेशन पर 135, आगरा किला स्टेशन पर 18, मथुरा जंक्शन पर 121, अछनेरा स्टेशन पर 29 व धौलपुर स्टेशन पर 27 लोगों पर कार्रवाई कर जुर्माना वसूला गया।

इनमें मथुरा जंक्शन पर ट्रेन चलते ही एक यात्री ने ट्रेन खींचकर रोक दी. मौके पर पहुंचे जीआरपी और आरपीएफ ने उसे पकड़ लिया और वजह पूछी तो उसने बताया कि बिहारी जी के दर्शन कर लौट रहा है. ट्रेन में बैठते ही झपकी लगी तो उसने एक खराब सपना देखा है, इस वजह से ट्रेन से उतरना चाह रहा था, लेकिन जब तक वो गेट तक पहुंचता तो ट्रेन चल चुकी थी.

इस वजह से उसने चेन खींची. उसनी बात सुनकर आसपास के यात्री भी थोड़ा परेशान हो गए. जीआरपी और आरपीएफ ने उस यात्री से कहा कि चेन खींचने की यह उचित वजह नहीं है, कार्रवाई की जाएगी.इस पर वो






बार बार माफी मंगता रहा लेकिन उस पर कार्रवाई हुई।

भारतीय रेलवे ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे बिना किसी पर्याप्त कारण के अलार्म चेन न खींचे. इससे यात्रियों को असुविधा होती है. ट्रेन समय से नहीं चल पाती हैं. इसके अलावा कई बार देखा गया है कि इस तरह चेन पुलिंग से स्टूडेंट्स के एग्जाम तक छूट जाते हैं, कई बीमार लोगों को समय से इलाज नहीं मिल पता है. रेलवे एक्ट में बिना वजह से चेन पुलिंग के मामले में 6 महीने से 1 साल की सजा एवं 1000 रुपये जुर्माने है।

# महिलाएं समूहों के माध्यम से बेहतर उत्पाद बना रही है : धामी





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 13 अगस्त, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में मुख्यमंत्री सशक्त बहना उत्सव योजना एवं मुख्यमंत्री महिला स्वयं सहायता समूह सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत महिला समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने इन स्टॉलो का अवलोकन करते हुए स्थानीय उत्पादों ( घी एवं अन्य ) की खरीदारी भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रदेश में महिला स्वयं सहायता समूह को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। राज्य की महिलाएं समूहों के माध्यम से बहुत बेहतर उत्पाद बना रही है। समूहों के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को नई पहचान मिल रही है एवं रोजगार के नए अवसर मिल रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रक्षा बंधन से पूर्व स्वयं सहायता समूह द्वारा राखियां बनाई जा रही हैं। सरकार द्वारा महिलाओ को अपने उत्पाद बेचने के लिए उन्हें सुविधा अनुसार मंच उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने समस्त प्रदेशवासियों से आगामी रक्षा बंधन के लिए स्थानीय स्तर पर बनी राखियों एवं अन्य उत्पाद खरीदने का आग्रह किया। सचिवालय में बड़ोवाला से देवभूमि स्वयं सहायता समूह, डाकपत्थर से वैभव लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह, रायपुर से मिलन स्वयं सहायता समूह, सहसपुर से आस्था क्लस्टर लेवल फेडरेशन, हवालबाग अल्मोड़ा से विकास क्लस्टर लेवल फेडरेशन, आस्था क्लस्टर लेवल फेडरेशन, विरांगना क्लस्टर लेवल फेडरेशन, एवं अन्य स्वयं सहायता समूहों द्वारा अपने उत्पाद बेचें जा रहे हैं। इस दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट, उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण परिषद् विश्वास डाबर, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, सचिव राधिका झा, अपर सचिव मनुज गोयल, सीडीओ देहरादून झरना कामठान एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# उत्तराखंड : केदारनाथ मार्ग पर भीमबली के पास पहाड़ टूटा, मंदाकिनी पर बनी झील

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



रुद्रप्रयाग 13 अगस्त : अगस्त महीने की शुरुवात में ही केदारनाथ घाटी में भारी बारिश और भूस्खलन ने सबको 2013 में हुई आपदा की याद दिला दी। 1 अगस्त को केदारनाथ जाने के पैदल मार्ग लिनचोली और गौरीकुंड सोनप्रयाग और अन्य स्थानों पर बादल फटने और भूस्खलन होने से भारी जान माल की हानि हुई, अब केदारनाथ ट्रेक पर भीमबलि के पास landslide की ख़बरें हैं।बीती शाम को फिर से केदारनाथ ट्रेक पर भीम बली हैलीपैड के सामने भूस्खलन हुआ है।

भीमबली में तेज बारिश होने के बाद मौसम साफ़ हुआ तो पहाड़ टूट कर मंदाकनी नदी में समा गया। इस आपदा में किसी भी प्रकार की जान माल की क्षति नहीं हुई है। लेकिन, पहाड़ का एक बड़ा हिस्सा सरक कर गिर जाने से मंदाकनी नदी का पानी रुक गया, जिसने एक झील का रूप ले लिया है।सूचना मिलते ही रुद्रप्रयाग प्रशासन ने एक्शन लिया। भीम बली में बनी झील के टूटने से मंदाकनी नदी का पानी बढ़ सकता है इसलिए नदी के किनारे बसे लोगों के लिए सावधान रहने के लिए अलर्ट जारी किया गया। प्रसाशन ने गौरीकुंड, सोनप्रयाग और अन्य जगहों पर मंदाकनी नदी के किनारे बसे लोगों से नदी के नजदीक न आने की और सावधान रहने की अपील की है।

# उत्तराखंड : इन 6 जिलों में जमकर बरसेंगे बादल, IMD ने जारी किया अलर्ट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादूनः बीते दिन जनपद चमोली और रुद्रप्रयाग जिलों में भारी बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया। तुंगनाथ घाटी में लगभग छह घंटे तक लगातार तेज बारिश हुई, जिससे आकाश कामिनी नदी में बाढ़ आ गई। इसके कारण कुंड, उखीमठ, चोपता और गोपेश्वर को जोड़ने वाला हाईवे कई स्थानों पर टूट गया और क्षतिग्रस्त हो गया है।

बार-बार बदरीनाथ हाईवे बंद होने से धाम की यात्रा बुरी तरह से प्रभावित हो गई है, जिससे केवल बहुत कम श्रद्धालु ही धाम पहुंच पा रहे हैं। इसके साथ ही गंगोत्री हाईवे पर ओपन टनल के पास और नेताला में बारिश के कारण मलबा गिरने से यातायात लगभग सात घंटे तक ठप रहा। उधर यमुनोत्री हाइवे पर भी ओजरी डाबरकोट में लगभग 4 घंटे आवाजही बाधित रही प्रदेश में अगले 24 घंटों के लिए मौसम विभाग ने कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार देहरादून, टिहरी और चमोली जिलों के कुछ क्षेत्रों में भारी बारिश की संभावना है। वहीं कुमाऊं मंडल के नैनीताल, चंपावत और बागेश्वर जिलों को येलो अलर्ट के तहत रखा गया है, जहां कुछ इलाकों में भारी बारिश हो सकती है। हालांकि पूरे राज्य में तापमान सामान्य बना रहेगा और तेज बारिश के बावजूद तापमान पर इसका कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### नशा मुक्त भारत की शपथ ली

चमोली। नशा मुक्त भारत अभियान के 5 वर्ष पूरे होने पर सोमवार चमोली जिले के समस्त पुलिस कर्मियों ने नशा मुक्ति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए शपथ ली। पुलिस कार्यालय गोपेश्वर में पुलिस उपाधीक्षक प्रमोद शाह और कोतवाली जोशीमठ में पुलिस उपाधीक्षक अमित सैनी ने पुलिस कर्मियों के साथ नशे के खतरे के बारे में जागरूकता फैलाने और नशे की लत से जूझ रहे व्यक्तियों की मदद करने की प्रतिज्ञा दिलाई। कहा पुलिस कर्मी समाज के लिए एक उदाहरण हैं। नशे से स्वयं दूर रहने और समाज को भी इससे दूर रहने के संकल्प और मिशन से एक बेहतरीन समाज बनाया जा सकता है। यह संकल्प समाज को नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ लड़ाई में एकजुट होने के लिए प्रेरित करेगा। पुलिस उपाधीक्षक अमित सैनी और प्रमोद शाह ने कहा नशा मुक्त भारत अभियान की शुरुआत के बाद से नशीली दवाओं के तस्करी को रोकने, नशे की लत के उपचार सुविधाओं तक पहुंच बढ़ाने और युवाओं को नशे के खतरों के बारे में शिक्षित करने के लिए कई कदम उठाए हैं। उद्देश्य एक सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण बनाना है जहां व्यक्तियों को अपनी पूरी क्षमता का एहसास करने का अवसर मिले।

### तकनीशियनों के मानदेय बढाने की मांग

चमोली। प्रौद्योगिकी संस्थान गोपेश्वर कोठियाल सैण के तकनीशियनों के मानदेय में वृद्धि की मांग को लेकर सोमवार को नागरिक संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी के माध्यम से तकनीकी शिक्षा मंत्री और सरकार को ज्ञापन भेजा है। नागरिक संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रौद्योगिकी संस्थान गोपेश्वर कोठियाल सैण में कार्यरत तकनीशियनों का मानदेय शीघ्र बढ़ाने की मांग की है। सामाजिक कार्यकर्ता राकेश प्रसाद कोठियाल, संजय झिंक्वाण, नागरिक संगठन के विजय प्रसाद, राधा बल्लभ, राजेन्द्र सिंह ने बताया प्रौद्योगिकी संस्थान गोपेश्वर कोठियाल सैण में कार्यरत तकनीशियनों का मानदेय 9 वर्ष पूर्व 12 हजार रुपये था। आज भी तकनीशियनों को वही मानदेय दिया जा रहा है। पिछले 5 वर्षों से तकनीशियनों के मानदेय बढ़ाने की मांग अलग अलग अवसरों पर विभिन्न माध्यमों की जा रही है। सामाजिक कार्यकर्ता राकेश कोठियाल ने बताया 2018 और 2022 में शासन द्वारा विभागीय संचालन समिति में प्रस्ताव पारित कर प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक, प्रधानाचार्य को तकनीशियनों का मानदेय 26,775 रुपये देने का आदेश भी जारी हो चुका है। लेकिन अभी तक प्रौद्योगिकी संस्थान गोपेश्वर कोठियाल के तकनीशियनों का मानदेय नहीं बढ़ाया गया है।

### विधान सभा सत्र की तिथि निकट आते की जागा एनएच प्रशासन

चमोली। आगामी 21 से 23 अगस्त तक गैरसैंण के भराड़ीसैंण में आयोजित होने वाले विधान सभा सत्र की देखते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण शाखा रुद्रप्रयाग हरकत में आ गया है। कर्णप्रयाग से पांडुवाखाल तक नैनीताल राष्ट्रीय राजमार्ग 109 पर स्थान स्थान पर पेंच वर्क तथा मरम्मत का कार्य गतिमान है। वही इसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर मेहलचौरी में वर्ष 1963 में बने पुल का भी मरम्मत कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

### फेरी वालों का किया सत्यापन

चमोली। पुलिस ने गौचर क्षेत्र के कबाड़ी व फेरी वालों के साथ मीटिंग आयोजित कर सत्यापन की कार्रवाई की। चौकी गौचर प्रभारी लक्ष्मी प्रसाद बिजल्वाण ने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में अवैध गतिविधियों की रोकथाम व सुरक्षा स्थिति को बेहतर बनाना था। पुलिस ने कबाड़ी की दुकानों के संचालकों से पूछताछ कर यह सुनिश्चित किया कि वे सभी सरकारी नियमों का पालन कर रहे हैं। साथ ही, फेरी वालों की पहचान व उनके दस्तावेजों की जांच की गई ताकि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधियों को रोका जा सके। इस दौरान लोगों को क्षेत्र में सुरक्षा उपायों के महत्व को समझाकर आवश्यक सुझाव दिए।

# 10वीं और 12वीं परीक्षाओं की तैयारी होगी आसान उत्तराखंड बोर्ड के विशेषज्ञ तैयार करेंगे पेपर बैंक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 13 अगस्त : उत्तराखंड बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रश्न पत्र बैंक बना रहा है, जिससे छात्रों को उनकी आगे आने वाली प्रतियोगी परीक्षा में भी सफल होने में मदद मिलेगी। उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की ओर से प्रदेश के मुख्य शिक्षा अधिकारियों ने उत्तराखंड के सभी विषयों के विशेषज्ञ शिक्षकों को प्रश्न पत्र बैंक तैयार करने में मदद करने के लिए पत्र के माध्यम से बुलाया है।

प्रदेश के ये सभी विशेषज्ञ शिक्षक अपने-अपने विषयों का प्रश्न पत्र बैंक बनाकर तैयार करेंगे। प्रश्न पत्र बैंक तैयार होने के बाद इन्हें प्रदेश के सभी




विद्यालयों में भेजा जाएगा और इसके बाद छात्र इन प्रश्न पत्र बैंक के आधार पर अपनी आगामी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे। सभी विद्यालयों के शिक्षक भी प्रश्न पत्र बैंक के आधार पर छात्रों को तैयारी करवाएंगे।

प्रदेश की नई शिक्षा नीति के आधार पर तैयार होने वाले इस प्रश्न पत्र बैंक में प्रदेश में पढ़ाए जाने वाले सभी विषय शामिल किए जाएंगे। सभी प्रश्न पत्र विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा तैयार किए जा रहे हैं, ताकि छात्रों को पढ़ाई में किसी तरह की परेशानी न हो। ये प्रश्न पत्र दक्षता के आधार पर तैयार किए जाएंगे। उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद को उम्मीद है कि प्रश्न पत्र बैंक बनाने का उद्देश्य कामयाब हो पाएगा, और छात्र प्रश्न पत्र बैंक की मदद से आगामी बोर्ड परीक्षाओं में पहले से बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद का इस प्रश्न पत्र बैंक तैयार करने का उद्देश्य है कि इन प्रश्न पत्रों की मदद से प्रदेश के छात्रों की की नींव और मजबूत होगी।

उत्तराखंड हाईस्कूल में हिंदी, संस्कृत, अंग्रेजी, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, गणित, गृह विज्ञान, चित्रकला आदि विषयों का प्रश्न पत्र बैंक तैयार किया जाएगा। उत्तराखंड इंटरमीडिएट में हिंदी, संस्कृत, अंग्रेजी, पंजाबी, उर्दू, भूगोल, इतिहास, अर्थशास्त्र, गृह विज्ञान, संगीत, चित्रकारी, समाजशास्त्र, शिक्षा, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान, गणित, सैन्य विज्ञान, लेखाशास्त्र, भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, कृषि, व्यवसाय अध्ययन, कंप्यूटर विज्ञान आदि विषयों का प्रश्न पत्र बैंक तैयार किया जाएगा।

# मां ने प्रेमी से बात करने से रोका, तो नाबालिग बेटी ने फांसी लगाकर दी जान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उधमसिंह नगर 13 अगस्त : किशोरी को रात में छिपकर प्रेमी से बात करते हुए मां ने पकड़ लिया और फिर मोबाइल छीन लिया। नाराज होकर किशोरी अपने कमरे में गई और फांसी के फंदे पर लटक गई। लालपुर चौकी क्षेत्र में रहने वाली किशोरी का युवक से प्रेम संबंध था, जिसकी जानकारी परिवार को लग गई थी। किशोरी रात के समय अक्सर अपने प्रेमी से छुपकर बात करती थी और शनिवार की रात भी उसने यही किया। रात ढाई बजे किशोरी की मां की नींद अचानक खुल गई और उन्होंने देखा कि बेटी मोबाइल फोन पर बात कर रही है। मां ने उसे फटकारते हुए मोबाइल छीन लिया। इसके बाद जब मां चाय बनाने के लिए नीचे चली गई, किशोरी को यह बर्दाश्त नहीं हुआ और उसने कमरे को बंद कर लिया।

मां जब चाय बना कर वापस ऊपर आई



तो उसने देखा कि दरवाजा बंद है। क्योंकि घर में मां और बेटी ही अकेले थे मां दरवाजा नहीं खोल पाई। उसने अपनी बहन को फोन किया जो अपने बेटे के साथ मौके पर आई। जब बेटे ने दरवाजा तोड़ा तो अंदर देखकर सभी दंग रह गए। किशोरी को चादर के फंदे पर लटका हुआ पाया गया। उसे तुरंत नीचे उतारा लेकिन तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा और लालपुर चौकी की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने रविवार सुबह ही शव को पोस्टमार्टम हाउस भेजा जहां पंचनामे की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम किया गया।

# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए दिए गए निर्देश

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चमोली। अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश ने सोमवार को वीसी के माध्यम से सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। उन्होंने निर्देशित किया कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सुरक्षित यातायात के लिए सड़क सुरक्षा से जुड़े कार्यो को प्राथमिकता पर पूरा किया जाए। अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पिछले तीन माह में जिन स्थानों पर वाहन दुर्घटना हुई है वहां पर क्रैश बैरियर, रिफ्लेक्टर, साइनेज लगाने के साथ ही सड़क सुधारीकरण के सभी कार्य सुनिश्चित किए जाए। बरसात के कारण सड़कों पर पडे गढडों को तत्काल पैच वर्क करके ठीक कराया जाए। सड़क निर्माणदायी संस्थाएं अपनी सड़कों का रेग्यूलर निरीक्षण करें। सुरक्षित यातायात के लिए संकरे मार्ग, भूस्खलन क्षेत्र एवं अन्य संवेदनशील स्थानों पर क्रैश बैरियर व साइनेज लगाए जाए।

सेफ्टी के अन्तर्गत चिन्हित ब्लैक स्पॉटों का सुधारीकरण हेतु अवशेष कार्यो को तत्काल पूरा किया जाए। संयुक्त निरीक्षण में सड़क दुर्घटनाओं के जो कारण सामने आए है उनका शीघ्र समाधान किया जाए। रोड़ सेफ्टी आडिट के अवशेष कार्यो को भी जल्द से जल्द पूरा करें। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि एसडीएम, पुलिस एवं परिवहन विभाग अभियान चलाकर सड़क सुरक्षा नियमों का




उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चालान की सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें।

ओवर स्पीड, ओवरलोडिंग और ड्रंक एंड ड्राइव की रोकथाम के लिए सघन चेकिंग करते हुए चालान की कार्रवाई की जाए। इस दौरान उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों की जानकारी लेते हुए घायलों के उपचार हेतु समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कर्णप्रयाग अस्पताल में सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को समय पर उपचार न मिलने के एक मामले में उन्होंने अस्पताल प्रशासन से स्पष्टीकरण भी तलब किया। बैठक में बताया गया कि मई, जून और जुलाई माह में 15 सड़क दुर्घटनाएं हुई है। जिसमें 13 लोगों की मृत्यु और 29 लोग घायल हुए है। पुलिस विभाग द्वारा मई से लेकर अब तक 6007 वाहनों के चालान और 71 वाहन सीज किए गए तथा 38.02 लाख की जुर्माना लगाया गया। परिवहन विभाग द्वारा 1206 वाहनों का चालान किया गया।

बैठक में लोनिवि के अधिशासी अभियंता राजवीर सिंह चौहान, सीओ पुलिस प्रमोद शाह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ज्योति शंकर मिश्र सहित वर्चुअल माध्यम से सभी एसडीएम एनएच, लोनिवि, पीएमजीएसवाई, बीआरओ के अधिकारी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### पौड़ी में छात्रसंघ अध्यक्ष ने शुरू की भूख हड़ताल

पौड़ी। गढ़वाल विवि के बीजीआर परिसर पौड़ी में आंदोलनरत छात्रों का धरना सोमवार को भी जारी रहा। मांगे पूरीं नहीं होने से नाराज छात्रसंघ अध्यक्ष ऋत्विक असवाल ने दोपहर बाद भूख हड़ताल शुरू कर दी। सोमवार को पौड़ी परिसर में आंदोलनरत छात्र नेताओं ने कॉलेज के मुख्य गेट पर तालेबंदी कर दी। आंदोलनरत छात्र नेता मुख्य गेट पर ही धरने पर बैठ गए। इस बीच सूचना आई कि विवि प्रशासन की श्रीनगर से एक टीम आंदोलनरत छात्रों से वार्ता के लिए पौड़ी परिसर में आ रही है लेकिन टीम के नहीं आने से नाराज छात्रसंघ अध्यक्ष ने भूख हड़ताल शुरू कर दी।

### जिले में अमृत सरोवरों को जीवंत बनाने के लिए जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

चमोली। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना की अध्यक्षता में सोमवार को मिशन अमृत सरोवर को लेकर बैठक हुई। इसमें जिले के अमृत सरोवरों को उपयोगी एवं जीवंत बनाने के लिए विभागों को आवंटित करने पर विचार विमर्श किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि वर्तमान स्थिति के आधार पर अमृत सरोवरों का उनकी उपयोगिता के आधार पर सर्वेक्षण कराया जाए। विभागों से परामर्श करते हुए इसकी बेहतर उपयोगिता के आधार पर संबंधित विभागों को आवंटित की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। परियोजना निदेशक आनंद सिंह ने बताया कि जनपद में 87 अमृत सरोवर बनाए गए है। जिसमें 74 ग्राम्य विकास विभाग और 13 वन विभाग के माध्यम से बनाए गए है। इन अमृत सरोवरों को उपयोगी और जीवंत बनाने के लिए विभागों को आवंटित किया जाना है। ताकि विभाग अपनी योजनाओं से इन अमृत सरोवरों को अधिक उपयोगी बना सके। बैठक में परियोजना निदेशक आनंद सिंह, सहायक निदेशक मत्स्य रितेश चंद सहित वर्चुअल माध्यम से सभी खंड विकास अधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### निराश्रित गोवंश संरक्षण को लेकर जिलाधिकारी ने ली बैठक

चमोली। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना की अध्यक्षता में सोमवार को जनपद स्तरीय निराश्रित गोवंश समिति की बैठक हुई। जिसमें जनपद के नगर पालिका क्षेत्रों में निर्माणाधीन एवं संचालित गौ सदनों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि थराली और कर्णप्रयाग में गोसदन निर्माण के लिए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। गौचर, पोखरी और पीपलकोटी में संचालित गोसदन निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाए। जोशीमठ में निर्मित गोसदन में पशुओं को शिफ्ट किया जाए। गोसदन संचालन के इच्छुक गैर सरकारी संस्थाओं से शीघ्र आवेदन प्राप्त कर उनके पंजीकरण कराया जाए। कर्णप्रयाग नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी द्वारा गोसदन की टेंडर प्रक्रिया में देरी करने और समीक्षा बैठक में उपस्थित न रहने पर जिलाधिकारी ने ईओ का वेतन रोकने के निर्देश भी दिए। जिला स्तरीय समिति द्वारा पशु कल्याण बोर्ड को राजकीय मान्यता हेतु नारायणबगड़, कर्णप्रयाग, गोपेश्वर, पोखरी और थराली से पांच गैर सरकारी संस्थाओं (एनजीओ) के प्रस्ताव भेजे गए है। वर्तमान में सात नगर पालिका एवं नगर पंचायत क्षेत्रों में गौ सदन स्थापना की कार्रवाई गतिमान है। जनपद के दो गौ सदनों को 23 लाख की धनराशि भरण पोषण मद में उपलब्ध कराई गई है। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी द्वारा पूर्व में नगर पालिका गौचर और गोपेश्वर में गोसदन के लिए 37.97 लाख की धनराशि उपलब्ध कराई गई थी। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि बेसहारा पशुओं को आश्रय दिए जाने हेतु मिशन मोड में गोसदन का कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें।बैठक में परियोजना निदेशक आनंद सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रलयंकर नाथ, अधिशासी अधिकारी पीएस नेगी सहित वर्चुअल माध्यम से सभी तहसील से एसडीएम और नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी उपस्थित थे।

### तलवाड़ी स्कूल में अभिभावकों का क्रमिक अनशन शुरू

चमोली। राजकीय अटल उत्कृष्ट इंटर कॉलेज तलवाड़ी में अध्यापकों की नियुक्ति की मांग को लेकर अभिभावकों ने सोमवार से कॉलेज परिसर में कर्मिक अनशन शुरू कर दिया हैं। पूर्व से ही निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सोमवार को कॉलेज से जुड़े अभिभावक कॉलेज परिसर में एकत्र हुए जहां शासन-प्रशासन के विरुद्ध जोरदार नारेबाजी कर धरने पर बैठ गए। अभिभावकों ने कॉलेज से पांच अध्यापकों का स्थानांतरण होने तथा उनके स्थान पर कोई प्रतिस्थानी न पहुंचने पर नाराजगी जताई गई है। अभिभावकों का कहना है जब तक अध्यापकों की नियुक्ति नहीं हो जाती तब तक कर्मिक अनशन जारी रहेगा, जल्द से जल्द मांगे पूरी नहीं होने पर सभी अभिभावक क्षेत्र की जनता के साथ आमरण अनशन करने को मजबूर होंगे। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

# बाइक और स्कूटर चलाने वालों के लिए चेतावनी 1 सितंबर से लागू हो रहा यह ट्रैफिक नियम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 13 अगस्त : अगर आपके पास दोपहिया वाहन है और रोजाना उसपर सवार होकर घर से ऑफिस और ऑफिस से घर पहुंचते हो तो यह खबर आपके लिए है. दरअसल, दक्षिण भारत के राज्य आंध्र प्रदेश के बड़े शहर विशाखापट्टनम में एक नया नियम लागू होने जा रहा है. अब स्कूटर, बाइक चलाते वक्त हर हाल में पीछे बैठने वाले शख्स को हेलमेट पहनना होगा. मोटर व्हिकल एक्ट के तहत पीछे बैठकर स्कूटर पर यात्रा करते वक्त हेलमेट लगाना अनिवार्य है लेकिन देश के अधिकांश हिस्सों में इसका पालन नहीं होता है।

हाईकोर्ट के आदेश के बाद अब विशाखापट्टनम में एक सितंबर से स्कूटर पर पीछे बैठकर सवारी करने वालों को हेलमेट लगाना होगा. शहर में बढ़ते सड़क हादसों को देखते हुए यह फैसला लिया गया है. विशाखापत्तनम के जिला कलेक्टर, जिला सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष हरे धीरा प्रसाद और शहर के पुलिस आयुक्त शंखब्रत बागची ने हाल ही में एक बैठक की. उन्होंने कहा कि अगर आप इन नियमों का पालन नहीं करते हैं, तो आपको परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

विशाखापट्टनम पुलिस का कहना है कि नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों का 1035 रुपये का चालान काटा जाएगा. नियम तोड़ने वालों का लाइसेंस तीन महीने के लिए सस्पेंड भी किया जा सकता है. हेलमेट की क्वालिटी को लेकर भी हिदायत दी गई. बताया गया कि केवल आईएसआई मार्क वाले हेलमेट ही पहनने होंगे, नहीं तो सख्त एक्शन लिया जाएगा. बता दें कि दिल्ली, मुंबई जैसे बड़े शहरों में स्कूटर-बाइक पर पीछे बैठने वाले लोगों के हेलमेट पहनने के नियम को कड़ाई से लागू किया जाता है. बहुत से शहरों में केवल दोपहिया वाहन चलाने वाले चालक के हेलमेट नहीं पहनने का ही चालान काटा जाता है।



# इन कारणों से रोहित को IPL 2025 में रिटेन कर सकती है मुंबई इंडियंस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





ब्यूरो रिपोर्ट 13 अगस्त : मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रोहित शर्मा लंबे समय तक टिकने के बाद आखिरकार मुंबई इंडियंस का साथ छोड़ सकते हैं। रोहित ने टीम को 5 खिताब दिलाए हैं हालांकि पिछले साल उन्हें अचानक कप्तानी से हटा दिया गया ऐसे में चर्चाएं तेज हैं कि वे नई टीम की तलाश में है। रोहित शर्मा एक धाकड़ बल्लेबाज हैं और मुंबई इंडियंस के लिए उन्हें छोड़ना आसान नहीं होगा। मुंबई को रोहित को रोकने के पीछे कई बड़ी वजह है जिसपर वे जरूर विचार करेंगे। आइए जानते हैं कि क्या है वो बड़े कारण जिसके चलते मुंबई को रोहित को रिटेन करना पड़ सकता है।

नए प्रस्ताव के अनुसार, बीसीसीआई फ्रैंचाइजी को अपनी टीम से अधिकतम 6 खिलाड़ियों को रिटेन करने की अनुमति दे सकता है। सूर्यकुमार यादव, जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पांड्या के अलावा, रोहित शर्मा MI की शीर्ष प्राथमिकताओं में से एक होंगे, भले ही उन्हें उनके लिए अधिक पैसे खर्च करने पड़ें।

खराब सीजन होने के बावजूद, रोहित ने बड़े मैचों में मौकों पर बेहतर प्रदर्शन करने की प्रवृत्ति दिखाई है। आईपीएल 2015 के फाइनल में, उन्होंने लगभग 200 की स्ट्राइक-रेट से शानदार अर्धशतक लगाया। फिर 2017 में, उन्होंने क्वालीफायर 2 और फाइनल में बहुमूल्य योगदान दिया। ये दोनों काफी लो स्कोरिंग मैच थे ख़राब आईपीएल सीजन के बावजूद रोहित शर्मा ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 में शानदार प्रदर्शन किया है। रोहित ने तेजी से रन बनाए हैं जो कि इस फॉर्मेट को और मुंबई इंडियंस की टीम को भी काफी भाएगा।आईपीएल 2024 में नए कप्तान के साथ उतरी मुंबई इंडियंस की टीम का प्रदर्शन काफी खराब रहा था ऐसे में अगर रोहित टीम छोड़ देते हैं तो मुश्किल और भी बढ़ सकती है।

## सोनप्रयाग में हाईवे के 150 मीटर क्षतिग्रस्त भाग पर आवाजाही शुरू

रुद्रप्रयाग। अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग निर्भय सिंह ने बताया कि सोनप्रयाग और गौरीकुंड के बीच में डेढ सौ मीटर क्षतिग्रस्त हाईवे को त्वरित गति से खुलवाने के लिए पोकलैंड मशीन द्वारा निरंतर कार्य किया गया। सोमवार दोपहर तक पोकलैंड मशीन द्वारा इस क्षेत्र में सड़क की कटिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 150 मीटर तक सड़क पर वाहनों की आवाजाही हो रही है। जबकि आगे दो स्थानों पर कार्य जारी है। अधिशासी अभियंता डीडीएमए विनय झिंक्वाण ने बताया कि यात्रा मार्ग में क्षतिग्रस्त पैदल मार्ग में कार्य जारी है। यात्रा मार्ग को ठीक करने के लिए सभी क्षतिग्रस्त स्थानों पर श्रमिकें जुटे हैं। पूरे पैदल मार्ग में 260 श्रमिक कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बड़ी लिंचौली के गदेरे के पास क्षतिग्रस्त मार्ग ठीक कर दिया गया है। यहां आवाजाही होने लगी है। उन्होंने कहा कि भारी बारिश के कारण जगह-जगह पर आ रहे मलबे एवं बड़े-बड़े बोल्डर पड़े हैं उनको भी श्रमिकों द्वारा हटवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केदारनाथ पैदल क्षतिग्रस्त मार्ग पर त्वरित गति से कार्य किया जा रहा है।

## सावन के अंतिम सोमवार को शिवालयों में उमड़े भक्त

रुद्रप्रयाग। सावन के अंतिम सोमवार को लेकर जनपद के सभी शिवालयों में भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। बड़ी संख्या में भक्तों ने पूजा-अर्चना के साथ ही भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इस दौरान सभी ने सुख समृद्धि की कामना की। केदारनाथ में भी स्थानीय लोगों के अलावा श्रद्धालुओं ने बाबा केदार का जलाभिषेक किया। हल्की बारिश के बीच सुबह चार बजे से ही भक्त शिव मंदिरों में दर्शन को उमड़ने लगे। सोमवार को सावन का अंतिम सोमवार होने के कारण भी शिवालयों में भक्तों की भीड़ देखी गई। पंचकेदार गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ, विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी, द्वितीय केदार मद्महेश्वर, तृतीय केदार तुंगनाथ, प्रसिद्ध सिद्धपीठ कोटेश्वर महादेव के साथ ही रुद्रनाथ, पुंडेश्वर, सूर्यप्रयाग, रुच्छ महादेव, उमरानारायण, गंगतल आदि शिवालयों में भक्तों की भीड़ लगी रही। ऊं नमः शिवाय का जप करते हुए भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इधर, कई भक्तों द्वारा लम्बे समय से सावन को लेकर शिवालयों में पाठ रखा गया था। विशेष रूप से कोटेश्वर में पाठ करने वाले भक्तों की संख्या काफी रही। ऐसा माना जाता है कि सावन में शिव की पूजा-अर्चना और जलाभिषेक के साथ ही पाठ, हवन आदि से भक्त की मनोकामनाएं पूर्ण होती।

## पीएसीएल ठगी पीड़ित निवेशकों ने दी धरना प्रदर्शन की चेतावनी

कोटद्वार। पीएसीएल ठगी पीड़ित निवेशकों ने अधिकारियों द्वारा विधि का पालन न करने और पीड़ितों का भुगतान न करने पर रोष व्यक्त किया है। इस बात से आक्रोशित निवेशकों ने एक सितंबर से अपने-अपने क्षेत्र की तहसीलों में धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। सोमवार को पीड़ित निवेशक संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव शास्त्री के नेतृत्व में तहसील में एकत्रित हुए। यहां से उन्होंने पीड़ितों के भुगतान के संबंध में उपजिलाधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में बताया गया है कि संसद ने सर्वसम्मति से वर्ष 2019 में अनियमित जमा योजनाएं पाबंदी कानून 2019 बनाकर ठग कम्पनीज और ठग सोसाइटीज में डूबी हुई जमा राशि को पीड़ित आवेदक को 180 दिन में वापस दिलाने का कानूनी अधिकार दिया था।

कार ने कानून बनाकर जनता को यह विश्वास दिलाया था कि सरकार उनका ठगा गया धन वापस करेगी और दोषी संचालकों को दण्डित करेगी। ज्ञापन में भुगतान शिविर के माध्यम से ठगी पीड़ितों की जमाराशि का भुगतान 30 अगस्त तक करने की मांग की गई है। ऐसा न होने पर 01 सितंबर से तहसील में धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी गई है। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में मुकेश चन्द्र बड़थ्वाल, गजे सिंह रावत, लक्ष्मी बिष्ट, चमेली देवी, विजयलक्ष्मी देवी और आरती देवी आदि थे।

## संक्षिप्त खबरें

### योजना में गड़बड़ी की डीएम से ग्रामीणों ने शिकायत

नई टिहरी। प्रतापनगर के प्रधानों सहित स्थानीय लोगों ने सोमवार को नई टिहरी के जल संस्थान पर जल जीवन मिशन की 20 गांवों की योजना में मनमाने तरीके से फर्जी भुगतान करने का आरोप लगाते हुए डीएम से गहन जांच की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि ठोस जांच न की गई तो ग्रामीण मामले में मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव को ज्ञापन देने के साथ ही न्यायालय की शरण में जाकर एसआईटी जांच की मांग करने को मजबूर होंगे। प्रतापनगर के ग्रामीणों ने डीएम मयूर दीक्षित को सौंपे ज्ञापन में आरोप लगाया है कि जल संस्थान विभाग ने जल जीवन मिशन की प्रतापनगर ब्लाक के 20 गावों की योजना करोड़ों का फर्जी भुगतान किया है। जिसकी शिकायत जन प्रतिनिधि प्रतापनगर की बीडीसी बैठक में कर चुके हैं। लेकिन अभी तक सम्बंधित अधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### देशी पिस्टल के साथ एक गिरफ्तार

नई टिहरी। थाना कैम्पटी पुलिस ने देशी पिस्टल के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। कैम्पटी पुलिस के चलाये जा रहे गहन चेकिंग अभियान के दौरान एसआई आनंद सिंह रावत ने कैम्पटी वाहन पार्किंग के अन्तिम छोर से ख्यासी बैंड की तरफ आरोपी 25 वर्षीय विश्वास पुत्र राजपाल निवासी अलीशेरपुर थाना बिलासपुर यमुनानगर हरियाणा को एक 32 बोर की देशी पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम में मामला दर्ज किया गया है।

### नशा उन्मूलन को लेकर गोष्ठी का आयोजन किया

नई टिहरी। गढ़वाल विवि के स्वामी रामतीर्थ परिसर बादशाहीथौल में सोमवार को नशा उन्मूलन को लेकर गोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजित गोष्ठी में एएसपी जेआर जोशी ने कहा कि छात्रों के जीवन में नशा दीमक के समान है। जो कि जीवन को खत्म करने का काम करता है। इसलिए छात्र नशे को हतोत्साहित करने का काम करें। गोष्ठी में एएसपी जोशी ने कहा कि युवा छात्र जोश में गलत संगत के कारण नशे की ओर चल पड़ते हैं। जिसका खामियाजा उन्हें नहीं बल्कि उनके परिजनों व रिश्ते-नातेदारों को भुगतान होता है। इसलिए हरहाल में दूर रहकर जीवन को संयमित बनाने का काम करें। नशे कारोबारियों की जानकारी व इसके नुकसान की गहन जानकारी रखें। इससे नशे के बचने में मदद मिलेगी। कहा कि किसी भी युवा छात्र को नशे के कारोबारी या नशे में लिप्त छात्र मिलते हैं, तो उसकी जानकारी पुलिस को दें। जानकारी देने वाले के नाम का कभी खुलासा नहीं किया जाता है। पुलिस हेल्प लाईन नंबर की हमेशा मदद लें। इस अवसर पर प्रभारी परिसर निदेशक डा. रविंद्र सिंह ने एएसपी पुलिस सहित पुलिस प्रशासन तथा थाना चंबा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं को बहु उपयोगी नशा उन्मूलन की जानकारी देकर जागरूक किया गया है। जिससे छात्रों में जारूकता बढ़ेगी। जिसका लाभ उन्हें मिलेगा। जिसके बाद एएसपी ने सभी छात्रों और स्टाफ नशा उन्मूलन की शपथ भी दिलाई। इस मौके पर चंबा थानाध्यक्ष लखपत बुटोला, डा. नीरज जोशी, डा. सुमन लता, डा. एम देवम, डा. मनोज नौटियाल, डा. हेमराज, डा. अखिलेश कुमार गौतम, डा. अरविंद कुमार, डा. एसके चतुर्वेदी, डा. हंसराज बिष्ट आदि मौजूद रहे।

### तीर्थपुरोहितों के 52 गांवों में रोपे जाएंगे पौधे

नई टिहरी। विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी ने बदरीनाथ धाम के तीर्थपुरोहितों के 52 गांवों में पांच हजार पौधों को लगाने की शुरुआत की। श्री बदरीश पंडा पंचायत व गो ग्रीन सोसायटी के संयुक्त अभियान की शुरुआत सोमवार को तीर्थनगरी के बाहबाजार से हुई। पंडा पंचायत ने विधायक का आभार जताते हुए सभी से पर्यावरण संरक्षण की अपील की। सोमवार को देवप्रयाग के बाहबाजार से कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विधायक पोरी ने कहा कि वृक्ष हमें प्राणवायु, छाया, औषधी देते हैं। उत्तराखंड का खाद्यान्न झंगोरे-कोदे को यहां जी-20 प्रतिनिधियों को भी परोसा गया। प्रकृति की यह संपदा पर्यावरण बचाने से ही रह पायेगी। उन्होंने युवा अंकित ध्यानी द्वारा छह साल पहले शुरू किये गए पौधरोपण को नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी बताया। श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर निदेशक प्रो. पीबीवी सुब्रमण्यम ने कहा कि, देवभूमि में प्लास्टिक से पर्यावरण सबसे अधिक प्रदूषित हो रहा है। तीर्थपुरोहितों को तीर्थों में प्लास्टिक पर रोक लगाने को आगे आना होगा। निवर्तमान पालिका अध्यक्ष कृष्ण कांत कोटियाल ने पहाड़ों का पर्यावरण बचाने के लिए हर वर्ग का सहयोग जरूरी बताया। पंडा पंचायत अध्यक्ष प्रवीन ध्यानी ने तीर्थपुरोहितों के 52 गांवो में 5 हजार पौधे लगाने की शुरुआत करने पर विधायक पोरी का आभार जताया। इस मौके पर सुधाकर बाबुलकर, रजनीश मोतीवाल, प्रदीप भट्ट, अजय बंदोलिया, श्री बदरीश युवा पुरोहित संगठन अध्यक्ष श्रीकांत बडोला, सचिव गौरव पंचभैया, गो ग्रीन सोसाइटी प्रमुख अंकित ध्यानी, थाना प्रभारी बाह जगमोहन रमोला, प्रभारी थानाध्यक्ष देवप्रयाग नरेंद्र सहरावत, सीमा पोरी, शशि ध्यानी, लक्ष्मी नारायण,शुभांगी देवी, रेखा भट्ट, अनुसूया मिश्रा, माया पंचभैया, सूरज ध्यानी, राहुल कोटियाल, दौलत केमनी, सूरज ध्यानी आदि मौजूद रहे।

# डीएम सोनिका ने स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों का जायजा लिया

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून 13 अगस्त , जिलाधिकारी सोनिका ने परेडग्राउण्ड का स्थलीय निरीक्षण करते हुए स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों का जायजा तथा सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने परेडग्राउण्ड में निरीक्षण के दौरान कार्यक्रम स्थल पर सीटिंग व्यवस्था तथा पेयजल, विद्युत, सफाई के साथ ही समुचित व्यवस्थाओं को सुगम बनाने के निर्देशित सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को दिए गए।

जिलाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर परेड मैदान आयोजित होने वाले कार्यक्रम को भव्य रूप से मनाये जाने हेतु युद्धस्तर पर तैयारियां चल रही हैं लगभग सभी तैयारियां अपने अंमित चरण पर है।

निरीक्षण के दौरान मुख्य नगर आयुक्त नगर निगम गौरव कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन जयभारत सिंह, अपर मुख्य आयुक्त नगर निगम बीर सिंह बुदियाल, नगर मजिस्टेट प्रत्युष सिंह, अधि0अभि0 लोनिवि जितेन्द्र कुमार त्रिपाठी, अधि. अभि. उषा भण्डारी सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्मार्ट सिटी देहरादून में स्वच्छता अभियान चलाया गया




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 13 अगस्त , स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम की श्रृखला के क्रम में जिलाधिकारी के निर्देशन पर नगर निगम देहरादून के स्वच्छता अभियान चलाया गया। शासन द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर '' हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित करते हुए जनसभागिता के साथ कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए है, जिसके क्रम में जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित विभागों को समस्त जनपद कार्यक्रम आयोजित करने हेतु निर्देशित किया गया है। नगर निगम की टीम द्वारा घंटाघर से सफाई अभियान शुरू किया गया, डिस्पेंसरी रोड, राजपुर रोड मालसी आदि स्थानों पर वृहद्धस्तर पर सफाई अभियान चलाया गया।

# केदारपुरी में अंधाधुंध निर्माण पर प्रकृति की चेतावनी : सूर्यकांत धस्माना

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





देहरादून , 13 अगस्त , विगत १ जुलाई से केदार घाटी में केदार मंदिर मार्ग के विभिन्न स्थानों पर हो रहे जबरदस्त भूस्खलन , भू धसाव चट्टानों का खिसकना आने वाले समय में किसी बड़ी आपदा का संकेत है यह बात उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने अपने कैंप कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में कही। रविवार को भीमबली में जिस प्रकार से पूरी पहाड़ जंगल समेत मंदाकिनी में समा गया और उससे मंदाकिनी का प्रवाह रुक गया यह भविष्य में केदारपुरी जहां नव निर्माण के नाम पर अंधाधुंध भारी निर्माण किया जा रहा है वहां किसी बड़ी आपदा का संकेत दे रहा है।

वरिष्ठ कांग्रेस उपाध्यक्ष सूर्यकान्त धस्माना ने कहा कि पूरी केदारपुरी सरस्वती व मंदाकिनी नदियों के तट पर बसी है और उस जगह जिस प्रकार के भारी निर्माण किए गए है जो अभी भी जारी हैं वह उस भूमि की भार क्षमता को नजरंदाज कर के किए जा रहे हैं जो खतरनाक हैं । उन्होंने कहा की निर्माण के लिए आवश्यक रेत बजरी बोल्डर के लिए आदि गुरु शंकराचार्य जी के समाधि स्थल के ठीक पीछे खनन करने से वहां ग्लेशियर पिघल गए और उस घाटी क्षेत्र में जिस प्रकार से बड़ी मशीनें और पेट्रोल डीजल के वाहन चलाए जा रहे हैं वे भी वहां के भू गर्भीय स्थितियों के अनुकूल नहीं है। धस्माना ने कहा कि इस बरसात में सोनप्रयाग से लेकर पूरे मंदिर रूट पर जिस प्रकार से तबाही का मंजर देखने को मिल रहा है वह एक बार फिर २०१ की यादों को ताजा कर रहा है और केंद्र व राज्य सरकार को इस पर सतर्क हो जाना चाहिए और आगे निर्माण करने से पूर्व पूरे केदार घाटी का भूगर्भीय सर्वेक्षण वैज्ञानिक तरीके से करवाना चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### नव प्रवेशित छात्रों के लिए ओरियेंटेशन कार्यक्रम आयोजित

श्रीनगर गढ़वाल। राजकीय पॉलीटेक्निक श्रीनगर ने नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए ओरियेंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। बतौर मुख्य अतिथि पॉलीटेक्निक श्रीनगर की प्रधानाचार्य सरिता कटियार ने नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का स्वागत करते हुए उन्हें मेहनत, लग्न, समर्पण एवं अनुशासन के साथ अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर एकेडमिक ऑफिसर डा. भारती विश्वकर्मा, सीमा रावत, जितेंद्र कुंवर, विवेक गोपाल, अरशुतोष नौटियाल सहित आदि मौजूद थे। मंच का संचालन अनिल शाह ने किया।

### गढ़वाल विवि में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर लगेगी फोटो प्रदर्शनी

श्रीनगर गढ़वाल। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि में तीन दिनों तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. महावीर सिंह नेगी की अध्यक्षता में सोमवार को बैठक आयोजित हुई। जिसमें 13 अगस्त को भारत सरकार के 'हर घर तिरंगा कार्यक्रम, 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस और 15 अगस्त को स्वतन्त्रता दिवस कार्यक्रम को भव्य रूप से मनाने की रूपरेखा तैयार की गई। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. महावीर सिंह नेगी ने बताया कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम में 13 अगस्त को चौरास परिसर में डॉ. ब्रिजेश गांगिल के संयोजन में तिरंगा रैली का आयोजन किया जाएगा। वहीं बिड़ला परिसर में 15 अगस्त को प्रो. रमा मैखुरी के संयोजन में भव्य तिरंगा रैली आयोजित होगी। डीएसडब्ल्यू प्रो. नेगी ने बताया कि 14 अगस्त को विवि में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का आयोजन किया गया। जिसके लिए एक फोटो प्रदर्शनी लगाई जाएगी। जिसके माध्यम से 1947 में विभाजन के समय लोगों के कष्टों और बलिदानों को याद किया जाएगा। उन्होने कार्यक्रमों को सफल बनाने को लेकर विवि प्रशासन के अधिकारियों, शिक्षकों और छात्र-छात्राओं कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने की अपील की। बैठक में प्रो. दीपक कुमार, प्रो. आशुतोष गुप्त, डॉ. ब्रिजेश गांगिल, डॉ. अरूण शेखर बहुगुणा, डॉ. कपिल पंवार, डॉ. अनूप सेमवाल, डॉ. विजय लक्ष्मी, डॉ. कौशल, डा. घनश्याम ठाकुर, डा. अनूप सेमवाल, डा. चरण सिंह सहित आदि मौजूद रहे।

### यूजी पंजीकरण प्रक्रिया को विस्तारित किए जाने की मांग

श्रीनगर गढ़वाल। आइसा छात्र संगठन ने गढ़वाल विवि में चल रही यूजी में प्रवेश के लिए पंजीकरण प्रक्रिया को विस्तारित किए जाने की मांग की है। सोमवार को विभिन्न मांगों को लेकर आइसा छात्र संगठन गढ़वाल विवि के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. महावीर सिंह नेगी से मिले। इस दौरान आइसा नगर अध्यक्ष प्रियंका खत्री ने कहा कि अधिकांश छात्र सीयूईटी यूजी परीक्षा में सही विषय संयोजन नहीं भर पाए हैं। जिस कारण वह पंजीकरण प्रक्रिया में प्रतिभाग नहीं कर पा रहे हैं। आइसा ने पंजीकरण प्रक्रिया समाप्त होने के बाद फार्म भरने में हुई गलतियों को सुधारने के लिए छात्रों को मौका दिए जाने और प्रवेश प्रक्रिया संपन्न होने के पश्चात रिक्त सीटों पर सीयूईटी प्रवेश परीक्षा से वंचित छात्र-छात्राओं को भी मेरिट के आधार पर प्रवेश दिये जाने की मांग की है। मौके पर उदित कुमार आदि मौजूद थे।

### गढ़वाल विवि में यूजी में प्रवेश के लिए 14121 छात्रों ने किया आवेदन

श्रीनगर गढ़वाल। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि में स्नातक कोर्सों में प्रवेश लेने के लिए पंजीकरण प्रक्रिया संपन्न हो गई है। गढ़वाल विवि को 14121 छात्र-छात्राओं के आवेदन प्राप्त हुए हैं। गढ़वाल विवि ने एनटीए की ओर से आयोजित सीयूईटी परीक्षा में सम्मलित छात्र-छात्राओं के लिए 2 अगस्त से 11 अगस्त तक यूजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए समर्थ पोर्टल पर पंजीकरण मांगे थे। जिसमें गढ़वाल विवि को अपने तीन परिसरों और सम्बद्ध महाविद्यालयों के लिए 14121 छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण किया है। गढ़वाल विवि के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. महावीर सिंह नेगी ने बताया कि विवि में यूजी के 32 कोर्सों के लिए 9244 छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण किया है। जबकि गढ़वाल विवि से 15 सम्बद्ध महाविद्यालयों में 4877 ने पंजीकरण किया है। उन्होंने बताया कि गढ़वाल विवि में कुल 14121 छात्र-छात्राओं ने अपना पंजीकरण किया है। बताया कि 16 अगस्त तक छात्रों की पहली लिस्ट जारी कर दी जायेगी। जिसको लेकर डीएसडब्ल्यू बोर्ड आगे की कार्यवाही में जुट गया है। प्रो. नेगी ने बताया कि सीयूईटी प्रवेश परीक्षा में जिन छात्रों ने गलत विषयों का चयन किया है, उनके लिए गढ़वाल विवि पंजीकरण के लिए पोर्टल खोलेगा। कहा कि प्रवेश प्रक्रिया संपन्न होने के बाद यदि सीटें रिक्त रहती हैं तो उन पर सीयूईटी परीक्षा देने से वंचित रह गये छात्र-छात्राओं को मेरिट के आधार पर प्रवेश दिया जायेगा।

### राष्ट्रीय ग्रन्थालयी दिवस धूमधाम से मनाया

श्रीनगर गढ़वाल। पुस्तकालय विज्ञान के जनक पद्मश्री डॉ. एसआर रंगनाथन की जयंती पर गढ़वाल विवि के केन्द्रीय पुस्तकालय में सोमवार को राष्ट्रीय ग्रन्थालयी दिवस धूमधाम से मनाया गया। पुस्तकालय कर्मियों ने डॉ. रंगनाथन के भारतवर्ष में ग्रन्थालयियों और ग्रन्थालय आन्दोलन के लिए किए गए अभूतपूर्व कार्यों को याद किया। उप पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. हर सिंह ने डा. रंगनाथन के जीवन की महत्वपूर्ण घटनाओं का जिक्र करते हुए उनके जीवन शिक्षण और व्यक्तित्व पर विस्तृत प्रकाश डाला। मौके पर डॉ. अशोक कुमार, डॉ. सौरभ यादव, पवन बिष्ट, नरेन्द्र झल्डियाल, संजय गौतम, पवन प्रकाश, भगत लाल, भरत सिंह रौथाण, सुषमा धनाई, नागेन्द्र बुटोला, सूरज लिंगवाल, रेनू पंवार, राकेश कुमार, नीलम रौथाण, शिव सिंह, जितेन्द्र नेगी. प्राची भट्ट सूरज नीलम, किरन फर्सवाण, स्वाती, आरिता पंवार तथा समस्त पुस्तकालय परिवार शोधार्थी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### अंतिम सोमवार पर शिव से की लंबी उम्र की कामना

नई टिहरी। सावन के अंतिम सोमवार को जनपद के शिवालयों में जमकर भीड़ उमड़ी। शिवालय ओम नमः शिवाय के जयकारों से गुंजायमान रहे। शिवभक्तों की सोमवार को सुबह से ही शिवालयों में खासी भीड़ जुटी रही। शिवभक्तों ने इस मौके पर बेल पत्र के साथ जलाभिषेक करने के साथ ही शिव स्त्रोत व महा मृत्यंजय जप का जापकर कर शिव को प्रसन्न करने का काम किया। जनपद के प्रमुख मंदिरों में सत्येश्वर महादेव, त्रिदेव मंदिर, देवलसारी महादेव, कोटेश्वर महादेव, बगासू महादेव, कुजेंश्वर महादेव, ओणेश्वर महादेव, रसाण महादेव में भक्तों का खासा तांता देखने को मिला।

# नैनीताल पुलिस ने में छात्र छात्राओं को नशे के प्रति किया जागरूक, दिलाई शपथ


न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नैनीताल , 13 अगस्त , भारत सरकार द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के "विकसित भारत का मंत्र, भारत हो नशे से स्वतन्त्र" थीम के अन्तर्गत एसएसपी नैनीताल प्रहलाद नारायण मीणा के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा अपने अपने क्षेत्रों के विभिन्न स्कूलों में छात्र-छात्राओं व स्टॉफ को मादक पदार्थ के विरूद्ध शपथ दिलाई गई। जागरूकता कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को मादक पदार्थों के दुष्परिणाणों के बारे अवगत कराते हुए जागरूक करते हुए सदैव नशे से दूर रहने हेतु जागरूक किया गया। मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए उनसे बचाव के तरीको के बारे में जागरूक किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी जागरूक किया गया।



जीवन में नशा ना करने तथा अपने आस-पास के लोगों को भी जागरुक कर नशा न करने के लिये प्रेरित करने हेतु कहा गया। अपने आसपास अवैध मादक पदार्थो की तस्करी करने वालों की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु प्रेरित किया गया। इसके उपरांत सभी को पुलिस हेल्पलाइन नंबर डायल 112, साईबर क्राईम हेल्पलाईन नंबर-1930, महिला हेल्पलाईन नंबर 1090 की जानकारी दी गई और कोई भी समस्या/शिकायत होने पर तत्काल सूचना देने हेतु बताया गया।

## संपादकीय



# निराशाजनक ओलंपिक के बाद

पेरिस ओलंपिक, 2024 में भारत का सफर समाप्त हुआ। कुछ उपलब्धियां रहीं, कुछ 'पहली बार' के रिकॉर्ड बने, हॉकी ने तो कमाल कर दिया, लेकिन कुल मिला कर सफर 'निराशाजनक' रहा। एक बार फिर भारत शीर्ष 70 देशों की सूची में नहीं है। भारत एक रजत पदक और 5 कांस्य पदकों के साथ 71वें स्थान पर रहा, जबकि टोक्यो ओलंपिक में हमारा स्थान 48वां था। 1996 के अटलांटा और 2000 के सिडनी ओलंपिक खेलों में भी भारत मात्र 1-1 कांस्य पदक के साथ 71वें स्थान पर था। यह 1992 के बाद पहला मौका है, जब भारत पाकिस्तान (62वां स्थान) से पीछे रहा है। उस साल भारत खाली झोली लौटा था, जबकि पाकिस्तान एक कांस्य पदक हासिल करने में कामयाब रहा था। विश्व जनसंख्या में भारत की 18 फीसदी हिस्सेदारी है, लेकिन ओलंपिक पदक की उपलब्धि मात्र 0.5 फीसदी है। अर्थात इतनी-सी आबादी ही ओलंपिक पदक जीतने लायक है। यह आंकड़ा निराशाजनक ही नहीं, राष्ट्रीय अपमान भी है। ओलंपिक पदक का सीधा संबंध आबादी से नहीं है, क्योंकि एक लाख जनसंख्या वाले देश ने भी स्वर्ण पदक जीता है और 144 करोड़ की सर्वाधिक आबादी वाले भारत को एक-एक पदक के लिए तरसना पड़ता है। पेरिस ओलंपिक में भारत के 117 खिलाडियों ने भाग लिया, लेकिन 16 खेलों में ही अपना हुनर दिखा पाए। उसमें भी मु_ी भर सूरमाओं को छोड़ कर शेष फिसड्डी ही साबित हुए। चूंकि उन खिलाडियों ने पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया था, लिहाजा हम उनकी प्रशंसा में तालियां बजाएं, हम ऐसा नहीं कर सकते। इन खिलाडियों पर सरकारी कोष से 470 करोड़ रुपए खर्च किए गए। यह करदाता का ही पैसा था। खिलाडियों को प्रशिक्षण दिलाया गया, विदेशी कोच रखे गए, विदेश में खेलने के अवसर दिए गए और देश में सभी सुविधाएं मुहैया कराई गईं। इतना सब कुछ महज प्रतिनिधित्व के लिए नहीं किया गया। दिक्कत यह है कि हमारे अधिकतर खिलाड़ी 'चैम्पियन' की मानसिकता से ही नहीं खेले, लिहाजा 6 मुकाबलों में 8 खिलाड़ी चौथे स्थान पर रहे। न जाने उन्हें चौथे स्थान से इतना लगाव क्यों हो गया है? इस जमात में मीराबाई चानू (भारोत्तोलन), लक्ष्य सेन (बैडमिंटन), अर्जुन बाबुता (शूटिंग), मनु भाकर (शूटिंग), धीरज बोम्मदेवरा-अंकिता भक्त (तीरंदाजी), माहेश्वरी चौहान-अनंतजीत सिंह (स्कीट मिश्रित) आदि खिलाड़ी ऐसे ही हैं, जो जीत की दहलीज से वापस मुड़े हैं। लक्ष्य ने कांस्य पदक मुकाबले में पहला सैट जीत लिया था, लेकिन उसके बाद उन्होंने खेल में आत्मसमर्पण ही कर दिया। मीराबाई मात्र एक किलोग्राम से पिछड़ गईं, जबकि वह टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता रही हैं। स्कीट जोड़ी भी चीन से मात्र एक अंक पिछड़ गई। मनु भाकर ने तो 10 मीटर पिस्टल में दो कांस्य पदक जीत कर इतिहास रचा है। वह 25 मीटर पिस्टल में, आखिरी पलों में, निशाना चूक गईं। यह कुछ हद तक क्षम्य है। बैडमिंटन में तो भारत को खाली हाथ लौटना पड़ा है। सात्विक-चिराग की विश्व विख्यात जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में ही घुटने टेक दिए। उनसे स्वर्ण पदक की अपेक्षाएं की जा रही थीं। भारत के खिलाडियों ने औसतन 29 करोड़ लोगों पर एक ओलंपिक पदक जीता है और वह भी स्वर्ण पदक नहीं, लिहाजा पेरिस ओलंपिक के दौरान एक बार भी भारत के राष्ट्रगान की धुन नहीं बजी।

दैनिक न्यूज़ वायरस
**संपादक : मौ.सलीम सैफी** न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से प्रकाशित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002
**RNI No. :** UTTHIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## निखिलेश्वर में युवा दिवस पर गोष्ठी हुई

पिथौरागढ़।नगर के निखिलेश्वर चिल्ड्रन एकेडमी में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर गोष्ठी हुई। सोमवार को विद्यालय में हुए कार्यक्रम के दौरान डॉ. तारा सिंह ने कहा कि युवाओं के कंधों पर ही देश का भविष्य है। कहा कि देश की आधी आबादी 30वर्ष से कम आयुवर्ग की है। प्रधानाचार्य ममता सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं को युवा दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आने वाला समय उनका ही है। उन्होंने बच्चों को बेहतर भविष्य के लिए प्रेरित करते हुए मन लगाकर पढ़ाई करने को कहा। संचालन संजय पोखरिया ने किया। यहां शिक्षक सुनीता बनकोटी, पीसी कलौनी, मुन्नी बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## गंगोत्री गर्ब्याल बालिका स्कूल की छात्राओं ने रैली निकाली

पिथौरागढ़। नगर के खड़कोट स्थित गंगोत्री गर्ब्याल बालिका विद्यालय की छात्राओं ने रैली निकाली। सोमवार को प्रधानाचार्य हंसा धामी के नेतृत्व में छात्राओं ने खड़कोट क्षेत्र में रैली निकालकर आमजन से आजादी के पर्व स्वतंत्रता दिवस पर अपने-अपने घरों में तिरंगा फहराने की अपील की। यहां प्रवक्ता शहजादी गौसिया सहित अन्य शिक्षिकाएं व छात्राएं मौजूद रहे।

## बलुवाकोट में जल्द शिक्षकों की नियुक्ति न होने पर ग्रामीण शुरू करेंगे आमरण अनशन

पिथौरागढ़। बलुवाकोट अटल उत्कृष्ट इंटर कॉलेज में शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर ग्रामीण अब आमरण अनशन करेंगे। सोमवार को अनशन में बैठे ग्रामीणों ने कहा कि आंदोलन के बावजूद शासन-प्रशासन उनकी मांग को लेकर कोई पहल नहीं कर रहा। कहा कि अगर यूंही अनदेखी जारी रही तो आमरण अनशन शुरू किया जाएगा।

बलुवाकोट में पांचवें दिन एनएसयूआई जिलाध्यक्ष पंकज मेहरा, कलावती देवी, रजनी देवी, सीता देवी, हंसा देवी, आनंदी देवी, दीपा देवी व बिंदु देवी अनशन में बैठे। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में जरूरी सुविधाओं के अभाव में लगातार पलायन हो रहा है। शिक्षा भी उनमें से एक है। कहा कि जब विद्यालयों में पढ़ाने को शिक्षक नहीं होंगे तो अभिभावकों को अपने बच्चों के भविष्य को देखते हुए न चाहते हुए भी शहर का रूख करना पड़ेगा। कहा कि सरकार एक तरफ तो पलायन रोकने की बात करती है, लेकिन वहीं दूसरी तरफ ग्रामीणों को जरूरी सुविधाओं भी नहीं दे रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### महिला से लूटपाट कर घायल करने का आरोपी गिरफ्तार

अल्मोड़ा। सल्ट में महिला से लूटपाट कर उसे घायल करने का आरोपी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवक निकटवर्ती गांव का ही रहने वाला है। उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने लूटा गया पूरा जेवर बरामद कर लिया है। दरअसल, घटना रविवार की है। पीपना गांव निवासी कौशल्या देवी (65) पत्नी किशोर सिंह अपनी रिश्तेदारी में कहीं गई हुई थी। रविवार को करीब 11 बजे वह मौलेखाल बाजार से अपने घर पीपना जाने के बाद एक टैक्सी में सवार हुई। रास्ते में कफल्टा नामक स्थान से एक युवक भी इस वाहन में सवार हुआ। थोड़ी देर बाद महिला पीपना में वाहन से उतरी तो यह युवक भी टैक्सी चालक को किराया देकर वहीं पर उतर गया। महिला अपने गांव के पैदल रास्ते पर जाने लगी तो युवक उसके पीछे पीछे हो लिया। सुनसान रास्ते में कौशल्या देवी को अकेले पाकर युवक से उसके साथ छीना झपटी शुरू कर दी। युवक ने महिला के कान से उसके झुमके खींच लिए। गले की सोने की माला भी छीन ली। महिला के शोर मचाने पर युवक जेवर लेकर वहां से फरार हो गया। आसपास के लोगों को इसकी जानकारी मिलने पर ग्राम प्रधान देवेंद्र सिंह कड़ाकोटी ने इसकी जानकारी सल्ट थाने में दी। लूटपाट की घटना में घायल कौशल्या देवी को आनन फानन में पुलिस के वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवायल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसके कान में टांके लगाए। उपचार के बाद महिला को उसके घर छोड़ दिया गया। इस मामले में पहले बाहरी व्यक्ति पर शक किया जा रहा था, लेकिन बाद में पता चला कि आरोपी सैंणमानुर गांव का रहने वाला है। लोगों ने उसे गत रात ही पकड़ा और जमकर धुनाई करने के बाद पुलिस को सौंप दिया था। आरोपी की पहचान कैलाश उर्फ किशोर मनराल के रूप में हुई।

### घेराव के बाद जागे जल निगम ने किया दोबारा डामरीकरण का वादा

अल्मोड़ा। अल्मोड़ा की मालरोड में डामरीकरण में हुई दिक्कत को लेकर पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने गहरा रोष व्यक्त करते हुए अधीक्षण अभियंता जल निगम के कार्यालय में घेराव किया। पूर्व दर्जा मंत्री कर्नाटक ने दो टूक शब्दों में कहा कि जनवरी माह में माल रोड में जाखन देवी से शिखर होटल तक सीवर लाईन निर्माण का कार्य प्रारम्भ हुआ था जिसको एक माह में पूरा हो जाना था, लेकिन कार्यदाई संस्था जल निगम के द्वारा इस कार्य को पूरा करने में पांच माह का समय लिया गया जिससे पांच माह तक पूरे क्षेत्र के व्यापारी एवं जनता परेशान रही। कर्नाटक ने कहा कि हैरानी की बात है कि सड़क पर डामरीकरण हुए अभी दो माह का समय भी नहीं हुआ है और सड़क में बड़े बड़े गड्ढे बन गए हैं। उन्होंने कहा कि बख्शीखोला में सड़क के मध्य में बड़े बड़े गड्ढे बन रहे हैं जिससे उसके आसपास के भवनों को खतरा उत्पन्न हो गया है तथा वाहन चालकों एवं पैदल चलने वाले राहगीरों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कर्नाटक ने इसके लिए जिम्मेदार जल निगम के अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग के साथ डामरीकरण की जांच की भी मांग की। वार्ता के बाद जल निगम के अधिकारियों ने लिखित रूप में आश्वासन दिया कि बरसात समाप्त होते ही अक्टूबर में सड़क पर पुनः हॉट मिक्स का कार्य किया जाएगा तथा सड़क के गड्ढों को तत्काल भरा जाएगा। इसके साथ ही डामरीकरण की थर्ड पार्टी जांच भी की जाएगी। यहाँ घेराव कार्यक्रम में पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक के साथ लीलाधर काण्डपाल, पूरन चन्द्र तिवारी, जगदीश चन्द्र तिवारी, दिनेश चंद्र जोशी, शाहबुद्दीन, नूर खान, हयात सिंह बिष्ट, रमेश चंद्र जोशी, देवेन्द्र कर्नाटक, हेम जोशी, रोहित शैली, सुधीर कुमार, हिमांशु कनवाल, भूपेंद्र भोज आदि शामिल रहे।

### बांग्लादेश में हिन्दुओं के उत्पीड़न के विरोध में प्रदर्शन

अल्मोड़ा। बांग्लादेश में रह रहे हिन्दुओं पर अत्याचार के विरोध में हिंदू सेवा समिति ने धरना प्रदर्शन किया गया और बांग्लादेश के अत्याचारी मुसलमानों और भारत में आए रोहिंग्या का पुतला फूंका गया। प्रदर्शन में बांग्लादेश में रह रहे हिन्दुओं के प्रति संवेदना व्यक्त की गई। वक्ताओं ने कहा कि बांग्लादेश में बच्चों और महिलाओं का उत्पीड़न हो रहा है, अगर ऐसा ही रहा तो वो दिन दूर नहीं जब बांग्लादेश से लगता हुआ पश्चिम बंगाल दूसरा कश्मीर बन जाएगा। प्रदर्शन में देश में रह रहे रोहिंग्या मुसलमानों को देश से बाहर खदेड़ने के लिए भी एकजुट होने को कहा गया। विरोध प्रदर्शन में समिति के अध्यक्ष अजीत कार्की, मनोज अरोड़ा, सचिव कमल साह, सुशील साह, दीपक साह, नीरज बोरा, भैरव गोस्वामी, हरीश कनवाल, दर्शन रावत, अजय वर्मा, मुकुल जोशी, जगमोहन बिष्ट, अमित शाह मोनू, विनीत बिष्ट, अर्जुन चीमा, चंदन बहुगुणा आदि मौजूद रहे।

### भाजयुमो ने लमगड़ा में निकाली तिरंगा पदयात्रा

अल्मोड़ा। भारतीय जनता युवा मोर्चा अल्मोड़ा द्वारा विधानसभा जागेश्वर के लमगड़ा में तिरंगा यात्रा के तहत पद यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में युवाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। यात्रा जीआईसी लमगड़ा से बाजार होते हुए कौमारी विद्यालय तक गई। कार्यक्रम में जागेश्वर विधायक मोहन सिंह मेहरा ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राजन चन्द्र जोशी के नेतृत्व में जो जागेश्वर विधानसभा में पद यात्रा निकाली गई है उसके लिए युवा मोर्चा के सभी पदाधिकारी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा करने का उद्देश्य यह है कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति में राष्ट्रवाद की भावना जागृत हो। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष ने कहा कि तिरंगा यात्रा पूरे जिले की सभी विधानसभाओं में युवा मोर्चा द्वारा कराई जा रही है। और इस तिरंगा यात्रा का उद्देश्य समाज के हर व्यक्ति को गौरव की अनुभूति करना है और उन वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की वीरता व संघर्ष को समाज के हर व्यक्ति तक पहुंचाना है जिन्होंने स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए अपने प्राणों की आहुति तक दे दी थी। पदयात्रा कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख विक्रम बगडवाल, जिला पंचायत सदस्य त्रिलोक रावत, जिला मंत्री संजय डालाकोटी, कार्यक्रम विधानसभा संयोजक पुष्कर नैनवाल, कार्यक्रम विधानसभा प्रभारी मोहित रौतेला, विजय सत्वाल, दिनेश पांडेय, मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा तारा बजेठा, हरीश सिजवाली, हरीश बिष्ट आदि मौजूद रहे।

### स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

अल्मोड़ा। 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह की रूपरेखा तैयार किए जाने हेतु सोमवार को जिला कार्यालय सभागार में जिलाधिकारी विनीत तोमर की अध्यक्षता में समारोह की तैयारी हेतु बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस की 77 वी वर्षगांठ जनपद में धूमधाम से मनाई जाएगी, जिस हेतु उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अवगत कराया कि 15 अगस्त को प्रातः 7:00 बजे प्रभात फेरी निकाली जाएगा जो नंदा देवी मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार से गुजरेगी। इसके उपरांत सभी सरकारी, गैर सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों आदि में प्रातः 9:00 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। जिला अधिकारी कार्यालय में 9:30 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। बैठक में कार्यक्रमों का निर्धारण करते हुए विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए। यह कार्यक्रम जनपद मुख्यालय के साथ साथ तहसील स्तर पर भी आयोजित किए जाएंगे, जिस हेतु उन्होंने उपजिलाधिकारियों को पूर्ण तैयारी करने के निर्देश दिए।

# देहरादून की सड़कों में शराब पीकर गाड़ी चलाई, तो हो जाएगी 6 महीने की जेल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क


देहरादून 13 अगस्त : अब शराब के नशे में पाए जाने वाले चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। ड्रिंक एंड ड्राइव करने पर अब 6 महीने की सजा और 10 हजार रुपए तक का जुर्माना लगेगा। कई बार लोग शराब पीकर गाड़ी चलाते हैं, जिससे न केवल उनकी खुद की जान खतरे में होती है, बल्कि दूसरों की सुरक्षा भी दांव पर लगती है।

राजधानी देहरादून के पर्यटन स्थलों पर जहां लोग पार्टी और एंजॉयमेंट का आनंद शराब के बिना नहीं लेते अक्सर बाहरी और स्थानीय लोग शराब पीकर वाहन चलाते हैं। देहरादून आरटीओ विभाग ऐसे लोगों की पहचान कर सख्त कार्रवाई कर रहा है। देहरादून के संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) शैलेश तिवारी ने बताया कि आरटीओ की टीमें शहर में यातायात नियमों को सख्ती से लागू करती हैं, जिसमें हेलमेट न पहनने और रेड लाइट जंप करने जैसी हर उल्लंघन पर कार्रवाई की जाती है। चेकिंग के लिए हमारे पास एल्कोमीटर है, जिसमें व्यक्ति को फूंक कर परीक्षण करना होता है।

एल्कोमीटर से शराब पीने की मात्रा और खून में अल्कोहल की मात्रा का पता चलता है। मानक के अनुसार प्रति 100 मिलीग्राम खून में 30 एमजी से अधिक अल्कोहल नहीं होना चाहिए, इससे अधिक होने पर सख्त कार्रवाई की जाती है और व्यक्ति को मेडिकल जांच के लिए भेजा जाता है। शैलेश तिवारी ने बताया कि शराब पीकर वाहन चलाना मोटर वाहन अधिनियम की धारा-185 के तहत अपराध माना जाता है। पहले अपराध पर 6 महीने तक की सजा और 10 हजार रुपए तक का जुर्माना हो सकता है या दोनों दंड मिल सकते हैं। जुर्माना भरने से मामला खत्म नहीं होता ऐसे मामले कोर्ट में जाते हैं। इसलिए आपको ध्यान देना होगा और शराब पीकर वाहन चलाने से बचना होगा।








आज दिनांक 12 अगस्त से राजीव गांधी कांप्लेक्स निकट वाटर एटीएम से पलटन बाजार में गार्बेज vunrable पॉइंट को पूर्ण रूप से समाप्त करने की नई मुहिम शुरू की गई है जिसमें टीम बेसिक्स तथा डोर टू-डोर एजेंसी एवं स्थानीय सुपरवाइजर ,सेनेटरी इंस्पेक्टर की देखरेख में और व्यापार मंडल के सदस्यों की भागीदारी से समाप्त किया जाना है।

# देहरादून : कैंटीन में सामान लेने गया था फौजी, पीछे लुट गई जीवन भर की कमाई

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 13 अगस्त : फौजी अपने परिवार के साथ कैंटीन गया था और पीछे से चोरों ने हाथ साफ़ कर दिया। चोर घर से गहने और नकदी चुराकर फरार हो गए। दून में फौजी के परिवार सहित कैंटीन जाने के दौरान उनके घर पर चोरों ने धावा बोल दिया। चोर लाखों रुपये के गहने और नकदी लेकर फरार हो गए। ये सभी चोर थैला लेकर कबाड़ इकठ्ठा करने वाले लोग थे और उनके गिरोह में एक महिला भी शामिल थी। क्लेमेनटाउन थाना पुलिस ने इस



मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बीर बहादुर थापा ग्राम रामगढ़ दूधा देवी क्लेमेनटाउन ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि बीती सुबह करीब 9:30 बजे वह परिवार के साथ सामान लेने कैंटीन गए थे। शाम 3:30 बजे घर लौटने पर उन्होंने देखा कि सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने घर से नकदी और गहने चुरा लिए, जिनमें सोने-चांदी के गहने, लैपटॉप और अन्य सामान शामिल हैं। थानाध्यक्ष दीपक धारीवाल ने बताया कि शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी में कुछ कबाड़ी नजर आ रहे हैं उनकी तलाश की जा रही है।

## समाज को नशे से दूर रखने में आगे आएं युवा

पौड़ी। विकसित भारत का मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र अभियान को लेकर सोच नशा मुक्ति केंद्र नौगांव कमंदा सतपुली में सोमवार को जन जागरूकता गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहने पर जोर दिया गया। इसके साथ ही वक्ताओं ने कहा कि युवा पीढ़ी को पूरे समाज को भी नशे से दूर रखने के लिए आगे आना होगा। गोष्ठी में चिकित्सा अधिकारी सतपुली डा. आशीष ढौंडियाल ने नशे से होने वाली बीमारी और हानियों के बारे में विस्तार से बताया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी के सदस्य पुष्पेंद्र राणा ने कहा भारत के सबसे बड़ी बाधा नशा है, इसके लिए घर परिवार तथा समाज को आगे आना चाहिए। केंद्र के संचालक कृष्णा बौठियाल ने कहा कि नशे से युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है।

## एकेश्वर शिवालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम

पौड़ी। सावन के अंतिम सोमवार को पैराणिक शिव मंदिर एकेश्वर में मंदिर समिति ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का रंगारंग आयोजन किया। इसके साथ ही शिव कथा का साप्ताहिक यज्ञ आचार्य मुकेश चतुर्वेदी ने किया। राजकीय इंटर कालेज, एकेश्वर, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज एकेश्वर, अटल आदर्श इंटर कॉलेज श्रीकोटखाल सहित आस-पास की ग्राम सभाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रस्तुतियां दीं। ब्रह्म कमल सांस्कृतिक कला संगम द्वारा नंदा गौरा की झांकी और भजनों की प्रस्तुतियां दीं गईं। लोक गायिका रेणु बाला, अंजली बिष्ट तथा लोक गायक विपिन नौटियाल के भजनों ने यहां माहौल भक्ति मय बनाया। ढोलक पर संजय नौटियाल, पैड पर आयुष कंडारी ने साथ दिया। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता एवं जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष नरेंद्र नेगी ने कहा की इस तरह के आयोजनों से संस्कृति को बल मिलता है।

## संक्षिप्त खबरें

### ऋषिकेश से मासूम बरामद, पंजाब की अपहरणकर्ता महिला दबोची

हरिद्वार। जीआरपी-आरपीएफ की टीम ने रेलवे स्टेशन कैंपस से तीन दिन पहले चोरी आठ माह के मासूम वीरू को ऋषिकेश से बरामद कर आरोपी अपहरणकर्ता पंजाब की महिला को गिरफ्तार कर लिया। मासूम की शक्ल अपने बेटे से मिलती-जुलती होने के चलते आरोपी महिला ने वारदात को अंजाम दिया था। एसपी रेलवे सरिता डोबाल ने मासूम को खोज निकालने पर पुलिस टीम की सराहना की। जीआरपी थाना कैंपस में सोमवार को पत्रकारों से वार्ता में एसपी रेलवे सरिता डोबाल ने बातया कि नौ अगस्त को प्लेटफार्म संख्या एक से यूपी के जौनपुर के नवढ़िया थाना क्षेत्र के गौरीशंकर गांव निवासी सुरेश पुत्र राजकुमार के आठ माह के पुत्र वीरू को चोरी कर लिया गया था। बताया कि एक दिन पहले परिवार यहां पहुंचा था। घटना के वक्त सुरेश की पत्नी अपने बच्चों के साथ सोई हुई थी।

### कॉरिडोर योजना देश के तीर्थ स्थलों की पौराणिकता समाप्त करने की योजना

हरिद्वार। कांग्रेस की कॉरिडोर हटाओ, हरिद्वार बचाओ जनजागरण यात्रा सोमवार को तुलसी चौक से शुरू हुई। नेताओं ने कहा कि कॉरिडोर बना तो हरिद्वार की पौराणिकता समाप्त हो जाएगी। चौथे दिन की यात्रा तुलसी चौक से शिवमूर्ति चौक, वाल्मीकि चौक, बिरला घाट, भाटिया भवन, गुजरात भवन से होकर रेलवे स्टेशन के पास खत्म हुई। पार्टी के प्रदेश महासचिव अनिल भास्कर ने कहा कि सरकार को तीर्थाटन और पर्यटन में अंतर नहीं मालूम है। कहा कि शहर की जनता ने पूछना चाहिए कि क्या टूटेगा और यदि टूटता है किरायेदारों को किस प्रतिशत में मुआवजा मिलेगा। इन सवालों के जवाब के साथ सारी जनविरोधी योजना सामने आ जाएगी। पूर्व महानगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने कहा कि भाजपा के नेता और नगर विधायक झूठ बोल रहे हैं कि विकास होगा। महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष अंजू मिश्रा ने आरोप लगाया कि विधायक स्कूल, कॉलेज और हॉस्पिटल की बात क्यों नहीं करते। कॉरिडोर जैसी योजना को लेकर वह शहर की जनता को गुमराह कर रहे है।

### बच्ची समेत महिला लापता

हरिद्वार। कनखल थाना क्षेत्र में पांच साल की बच्ची को लेकर घर से निकली महिला संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पुलिस ने मामले में अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया है। दोनों की तलाश शुरू कर दी गई है। लाटोवाली कनखल निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि बीती 27 जून की सुबह उसकी पत्नी उसकी पांच साल की बेटी को लेकर घर से बिना बताए कहीं चली गई थी। दोनों की काफी तलाश की गई, मगर कुछ पता नहीं चल पाया। अब मामले में पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। एसओ भावना कैंथोला ने बताया कि दोनों की तलाश की जा रही है।

### केवि में छात्र परिषद का गठन

हरिद्वार। केंद्रीय विद्यालय भेल हरिद्वार में सोमवार को विद्यार्थी मानाभिषेक समारोह संपन्न हुआ। इसमें कक्षा ग्यारहवीं तथा 12वीं के विद्यार्थियो केंद्रीय निकाय में स्थान दिया गया। केंद्रीय निकाय छात्र परिषद का गठन प्राचार्य की देखरेख में किया गया। कक्षा 12वीं के विद्यार्थी रुद्रांश को छात्र कप्तान बनाया गया तथा कक्षा 12वीं की छात्रा कनक शुक्ला को छात्रा कप्तान बनाया गया। 11वीं की छात्रा पाराशर को उप कप्तान बनाया गया। विद्यालय का खेल उप कप्तान यश खैरवाल और छात्राओं में शताक्षी को खेल उप कप्तान बनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार ने सभी छात्रों को चयनित होने पर बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन अपर्णा तिवारी ने किया।

### स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में रोनाल्डो ने किया स्टेट क्वालीफाई

हरिद्वार। देहरादून में आयोजित 22वीं उत्तराखंड स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप सब यूथ के इंडिविजुअल वर्ग में ओलिविया इंटरनेशनल स्कूल सातवीं कक्षा के छात्र रोनाल्डो बिष्ट ने क्वालीफाई किया। क्वालीफाई करने पर उनके परिजन और पड़ोसी बहुत खुश हैं। पिता डॉ. मनोज बिष्ट और माता नीतू बिष्ट ने बताया कि रोनाल्डो को शुरू से ही शूटिंग पसंद रही और उसकी लगन को देखते हुए देवभूमि शूटिंग एकेडमी में दाखिला करवाया। जहां पर मेहनत कर उसने अपनी प्रतिभा को निखारते हुए प्रतियोगिताएं जीती। कोच योगेंद्र यादव ने कहा कि रोनाल्डो होनहार बच्चा है। एक बार में ही समझ जाता है।